# महोबा पुलिस

दिनांक- 24.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 616/26

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

- आज दिनांक 24.08.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।
- जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।
- साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

  महोबा पुलिस- समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ



## महोबा पुलिस

दिनांक- 24.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 617/26

# कानून-व्यवस्था एवं बैंकिंग सुरक्षा के दृष्टिगत महोबा पुलिस द्वारा चलाया गया बैंक चेकिंग अभियान...।

- आज दिनांक 24.08.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निर्देशन में, रविवार की साप्ताहिक अवकाश के उपरांत सोमवार को बैंक खुलते ही जनपद महोबा में बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संचालित किया गया।
- अभियान के दौरान महोबा पुलिस द्वारा बैंकों के अंदर एवं बाहर संदिग्ध व्यक्तियों, बैंक में आने-जाने वाले ग्राहकों तथा वाहनों की सघन जांच की गई। साथ ही बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा गार्डों की तैनाती एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों का भी निरीक्षण किया गया।
- पुलिस अधिकारियों द्वारा बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए।
- इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में बैंक चेकिंग की गई, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच की गई तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सुरक्षा एवं सतर्कता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही आमजन को साइबर ठगी से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया।
- इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बैंकिंग लेन-देन के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना है। महोबा पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।





दिनांक- **24.08.2026**

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- **619/26**

# महोबा पुलिस

## सर्किल कुलपहाड़- थाना अजनर

## थाना अजनर पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

- पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार के नेतृत्व में अवैध शस्त्रों की बरामदगी एवं अपराधों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना अजनर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।
- प्रभारी निरीक्षक थाना अजनर श्री विनोद कुमार द्वारा गठित पुलिस टीम के व0उ0नि0 राधेश्याम सिंह मय हमराह का0 भरत सिंह एवं का0 अमर द्विवेदी द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर आज दिनांक 24.08.2026 को ग्राम लड़पुरा थाना अजनर जनपद महोबा से अभियुक्त आशीष यादव पुत्र राजू उर्फ राजेश यादव उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम लड़पुरा थाना अजनर जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया।
- अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध देशी तमंचा 12 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना अजनर पर मु0अ0सं0 154/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

आशीष यादव पुत्र राजू उर्फ राजेश यादव, उम्र करीब 27 वर्ष, निवासी ग्राम लड़पुरा थाना अजनर जनपद महोबा

### बरामदगी का विवरण

- 01 अदद अवैध देशी तमंचा 12 बोर
- 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

1. व0उ0नि0 राधेश्याम सिंह, थाना अजनर महोबा
2. का0 भरत सिंह, थाना अजनर जनपद महोबा
3. का0 अमर द्विवेदी, थाना अजनर जनपद महोबा



दिनांक- 24.08.202

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 621/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल चरखारी- थाना चरखारी

### अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना चरखारी एवं थाना खरेला के विवेचकों के साथ अर्दली रूम में लंबित विवेचनाओं की गहन समीक्षा, समयबद्ध निस्तारण एवं आगामी त्योहारों के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था हेतु दिए सख्त निर्देश।

- पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में आज दिनांक 24.08.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा थाना चरखारी एवं थाना खरेला में नियुक्त समस्त विवेचकों के साथ अर्दली रूम आयोजित कर लंबित विवेचनाओं एवं पुलिस कार्यवाहियों की गहन समीक्षा की गई।
- अर्दली रूम के दौरान UP Police के SSO (Single Sign On) पोर्टल पर प्रदर्शित 60/90 दिवस से लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए उनके त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु स्पष्ट निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त अन्य लंबित विवेचनाओं, शिकायती प्रार्थना पत्रों, IGRS प्रकरणों, पंचायतनामा जांच, गुमशुदा व्यक्तियों की खोज, अपहृताओं की बरामदगी, निरोधात्मक कार्यवाही, न्यायालय से निर्गत NBW की तामील, ई-समन, यक्ष ऐप, ई-साक्ष्य, NCRP पोर्टल एवं विभिन्न अभियानों की प्रगति का बिंदुवार परीक्षण किया गया।
- अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा समस्त विवेचनाधिकारियों से उनके द्वारा की जा रही विवेचनाओं के संबंध में बिंदुवार जानकारी प्राप्त कर लंबित प्रकरणों के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सभी विवेचकों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक प्रकरण में गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी विवेचना सुनिश्चित करते हुए लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण किया जाए।




- साथ ही वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, न्यायालय से निर्गत NBW की शत-प्रतिशत तामील, जनसुनवाई से संबंधित शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण तथा विवेचनाओं में साक्ष्यों का वैज्ञानिक एवं प्रभावी संकलन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।
- तत्पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत थाना चरखारी क्षेत्र में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। थाना क्षेत्र के प्रमुख मार्गों, बाजारों, कस्बाई क्षेत्रों एवं मिश्रित आबादी वाले संवेदनशील स्थानों में पैदल गश्त कर आमजन में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ किया गया तथा पुलिस कर्मियों को कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।
- पैदल गश्त के दौरान अतिक्रमण करने वालों को आवश्यक चेतावनी देते हुए सार्वजनिक मार्गों को अतिक्रमणमुक्त रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही व्यापारियों एवं प्रतिष्ठान संचालकों को अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने तथा सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने हेतु प्रेरित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा आमजन एवं व्यापारियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उनके शीघ्र समाधान हेतु आश्वस्त किया गया।
- इसके अतिरिक्त डायल-112 वाहनों का निरीक्षण कर उनकी कार्यप्रणाली एवं रिस्पॉन्स टाइम की समीक्षा की गई। डायल-112 पुलिसकर्मियों को किसी भी सूचना पर घटनास्थल पर त्वरित पहुंच सुनिश्चित करने तथा आमजन को तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।
- अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी सतर्कता, संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें तथा किसी भी प्रकार की सूचना अथवा शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें।